सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:- तीसरी **विषय:हिंदी** **पाठ:- १५(चरवाहा और घुड़सवार)**

कठिन शब्द

१.बुल्गारिया

२.चरवाहा

३. चतुर

४.घुड़सवार

५.क्रोध

६.मर्ज़ी

७.मनुवा

८.पहेली

९.बुद्धिमान

१०.मुँहमाँगा

११.गुरूवार

१२.शुकवार

१३.सुरीली

१४.बाँसुरी

१५.भेंट

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न १. घुड़सवार ने मनुवा से क्रोध में क्या कहा ?

उत्तर - घुड़सवार ने मनुवा से क्रोध में कहा कि "तुम इतनी ज़ोर से चिल्लाए कि मेरा घोड़ा डर गया" ।

प्रश्न २. घुड़सवार के गुस्सा करने पर मनुवा ने उससे क्या कहा ?

उत्तर - घुड़सवार के गुस्सा करने पर मनुवा ने कहा कि,"मैंने जानबूझ कर घोड़े को नहीं डराया।

प्रश्न ३. मनुवा की पहेली क्या थी ?

उत्तर - मनुवा की पहेली थी कि यह बताओ ,"वह क्या चीज़ है जो आदमी से ऊँची है और मुर्गी से छोटी "।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न १. मनुवा ने फर की टोपी नीचे क्यों फेंक दी ?

उत्तर - मनुवा ने कहा कि उसने एक बड़ी पहेली बूझ ली है,तो उसे लगा कि उसने एक बहुत बड़ा काम किया है । इसी खुशी के कारण उसने फर की टोपी नीचे फेंक दी ।

प्रश्न २. मनुवा ने पहेली का क्या जवाब सोचा था ?

उत्तर - मनुवा ने पहेली का यह जवाब सोचा कि," मेरी यह टोपी मुर्गी से छोटी है , पर जब पहन ली जाती है तो आदमी से ऊँची हो जाती है।"

प्रश्न ३. घुड़सवार ने मनुवा से कैसी भेंड़ खरीदने के लिए कहा ?

उत्तर - घुड़सवार ने मनुवा से ऐसी भेंड़ खरीदने के लिए कहा जो न काली हो,न सफ़ेद,न भूरी हो और नहीं किसी दूसरे रंग की ।"

प्रश्न ४. मनुवा ने भेंड़ को कब ले जाने के लिए कहा ?

उत्तर - मनुवा ने कहा कि जो भी व्यक्ति भेंड़ को लेने आए, वह उस दिन आए जिस दिन न सोमवार हो,न मंगलवार , न बुधवार हो, न गुरुवार ,न ही शुक्रवार हो ,न ही शनिवार या रविवार ।"

वाक्य प्रयोग

१. चतुर - होशियार

वाक्य - मनुवा एक चतुर चरवाहा था

२. मुँहमाँगा - अपनी इच्छा के अनुसार

वाक्य - रोहन की कठिन भक्ति देखकर भगवान ने उसे मुँहमाँगा वरदान दिया ।

३ . चरवाहा - पशुओं को चराकर गुज़ारा करने वाला

वाक्य - चरवाहे भेंड़,बकरी जैसे पालतू पशुओं को चराते है।

४. घुड़सवार - घोड़े पर सवार व्यक्ति

वाक्य - घुड़सवार ने बड़ी तेज़ी से घोड़ा दौड़ाया।